हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰ / आर॰ओ॰ / 2021 / 96 दिनांक : 01 / 06 / 2021

कार्यालय आदेश (96 / 2021)

आज दिनांक 01.06.2021 को माननीय कुलपति महोदया द्वारा समस्त संकायाध्यक्षों, परिसर निदेशकों, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, नियंता, मुख्य छात्रावास अधीक्षक, वित्त अधिकारी, पुस्तकालयाध्यक्ष, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक के साथ कोविड–19 की स्थितियों की समीक्षा करने के उपरान्त सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि उत्तराखण्ड राज्य एवं स्थानीय स्तर पर कोविड–19 संक्रमण के मामलों में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए एवं विश्वविद्यालय प्रशासनिक दृष्टि से राज्य सरकार में होने के कारण उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 158 / USDMA/792(2020) दिनांक 31.05.2021 के अनुपालन में एवं विश्वविद्यालय छात्रों / शिक्षकों / कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये कार्यालय आदेश संख्या हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰ / कु॰स॰कार्या॰ / 2021 / 92 दिनांक 25.05.2021 को दिनांक 08.06.2021 तक विस्तारित किया जाता है। जिन विभागों / अनुभागों में कार्य की अधिकता है, उनके नियंत्रक अधिकारी अपने कार्यालय कर्मचारियों को रोस्टर के अनुसार दो शिफ्टों में (प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक एवं अपराह्न 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक) समय–समय पर सरकार द्वारा जारी एस॰ओ॰पी॰ को ध्यान में रखते हुए बुला सकते हैं।

पूर्व कार्यालय आदेश संख्या हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰ / कु॰स॰कार्या॰ / 2021 / 92 दिनांक 25.05.2021 में दी गयी व्यवस्थायें यथावत लागू रहेंगी तथा दिनांक 02.06.2021 से समस्त प्राध्यापक अन्तिम सेमेस्टर प्राथमिकता के आधार पर तथा यथासम्भव अन्य सेमेस्टरों की ऑन लाईन क्लास लेना सुनिश्चित करेंगे।

आज्ञा से,
कुलपति

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / नियंता / मुख्य छात्रावास अधीक्षक / पुस्तकालयाध्यक्ष।
3. परिसर निदेशक (टिहरी / पौड़ी / चौरास) / निदेशक आई॰क्यू॰ए॰सी॰।
4. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / संयुक्त कुलसचिव / समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अधिशासी अभियन्ता / समस्त सहायक अभियन्ता / प्रभारी उप कार्यालय देहरादून।
5. सिस्टम मैनेजर को उक्त सूचना वैब साईट पर अपलोड करने हेतु।
6. सोशल मीडिया चैंपियन / जन सम्पर्क अधिकारी।
7. कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर / सुरक्षा अधिकारी / समस्त अनुभाग अधिकारी / प्रभारी।
8. उप जिलाअधिकारी, श्रीनगर (गढ़वाल)।
9. कोतवाल, कोतवाली, श्रनगर (गढ़वाल)।
10. निजी सचिव, कुलपति, मा॰ कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
11. कार्यालय प्रति।

कृते कुलसचिव 1/6/21